खबर संक्षेप

महाप्रबंधक ने 5 रेल कर्मियों को प्रदान किया 'उत्कृष्ट संरक्षा पुरस्कार'

सतना। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सितम्बर 2026 माह के दौरान कर्तव्यनिष्ठा एवं सजगता से संभावित दुर्घटनाएं टालने वाले 5रेलकर्मियों को उत्कृष्ट संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में जबलपुर मंडल से शिवधारी सिंह एवं कमलेन्द्र प्रताप सिंह, भोपाल मंडल से विकास दुबे तथा कोटा मंडल से अमर सिंह मीणा एवं रजनीश कुमार मीना शामिल हैं। इन्होंने ड्यूटी के दौरान रेललाइन पर मोटर साइकिल, हॉट एक्सल,ब्रेक जाम और लीकेज जैसी तकनीकी खामियों को समय रहते पहचानकर तुरंत सुरक्षात्मक कार्रवाई की। महाप्रबंधक ने उनकी सराहना करते हुए संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

मैहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत, 1 डीएसपी सहित 100 अतिरिक्त बल तैनात

मैहर। शारदीय नवरात्रि मेले की सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को और अधिक पुख्ता करने के लिए भोपाल मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत द्वारा मेला निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा अतिरिक्त बल की मांग की गई थी,जिसके बाद एक डीएसपी सहित 100 पुलिस जवानों को मैहर में तैनात किया गया है। इस अतिरिक्त बल की तैनाती से मेले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन लाभ दिलाने में काफी मदद मिलेगी।

अपर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं,दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

मैहर। कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर रोशन राय ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कुल 50 प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम गोबरी से आए आवेदक ने शासकीय आम रास्ता पड़ोसी द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर बंद करने और कचरा फेंककर अवरुद्ध करने की शिकायत दर्ज कराई,जिस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं,ग्राम सोनवारी के एक अन्य मामले में मूक-बधिर पिता की संपत्ति पर अवैध कब्जा करने के प्रयास की शिकायत पर भी उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आम जनता को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें,इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

दुरेहा घाट के पास मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत और 20 घायल







सतना। जसो थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दुरेहा घाट पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तुसगवां और पटिहट से मूंगफली तोड़ने के लिए छतरपुर जा रही मजदूरों से भरी एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी मोड़ पर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि लगभग 20अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान रामकिशोर कोल (50 वर्ष,पिता कंछेदी कोल),निवासी तुसगवां (थाना उचेहरा) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के अनुसार,पिकअप वाहन में करीब 30 से 40 लोग सवार थे।घायलों ने बताया कि चालक वाहन को बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था।मजदूरों द्वारा कई बार गति धीमी करने का आग्रह करने के बावजूद चालक ने उनकी एक नहीं सुनी, जिसके परिणामस्वरूप यह गंभीर दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही जसो थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पिकअप से बाहर निकाला और आनन-फानन में इलाज के लिए नागौद अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे की आगे की जांच शुरू कर दी है।

अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई बर्दाश्त नहीं: जिला अधिवक्ता संघ ने जिला न्यायाधीश को सौंपा ज्ञापन



सतना। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैंबरों पर नगर निगम द्वारा की गई बिना सूचना के तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ आक्रामक हो गया है। संघ के अध्यक्ष एडवोकेट सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में आम सभा का आयोजन किया और कड़ा रोष व्यक्त किया। इसके बाद संघ ने प्रधान जिला न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि वकीलों के खिलाफ इस तरह की तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ ने मांग की है कि जिन वकीलों के चैंबर तोड़े गए हैं,उन्हें उचित क्षतिपूर्ति दी जाए,दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो और भविष्य में इस प्रकार की कोई भी कार्रवाई करने से पहले अधिवक्ता संघ को आधिकारिक रूप से सूचना दी जाए। इसके अलावा,न्यायालय परिसर में वकीलों से जुड़ी अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण की भी मांग उठाई गई। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष केके पयासी,सचिव दिनेश प्रसाद शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

आस्था की अनूठी मिसालः जयसिंह नगर से 1500-2000 श्रद्धालुओं ने की मैहर तक पदयात्रा

जयसिंहनगर से मैहर तक गूंजे जयकारे, हाथों में नारियल लेकर भक्तों ने लगाई हाजिरी



मैहर। शारदीय नवरात्रि के तृतीय दिवस माँ शारदा के दरबार में आस्था का अद्भुत और अलौकिक नजारा देखने को मिला। जयसिंहनगर से लगभग 1500 से 2000 श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए माँ शारदा के पावन दरबार पहुँचे। माँ के जयकारों और भक्ति के उत्साह से सराबोर इस पदयात्रा ने श्रद्धा,समर्पण और विश्वास की अनूठी मिसाल पेश की है। इस पावन पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष और युवा श्रद्धालु शामिल हुए। कोई माँ शारदा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहा था,तो कोई हाथों में नारियल लेकर माता के दर्शन की अभिलाषा के साथ पदयात्रा कर रहा था। कई श्रद्धालुओं ने दंडवत प्रणाम करते हुए अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माँ के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। मैहर की पावन त्रिकूट पहाड़ी पर विराजमान माँ शारदा के दरबार में नवरात्रि के दौरान देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुँचते हैं। लंबी दूरी तय करने के बावजूद भक्तों के चेहरों पर थकान के बजाय माँ के दर्शन की लालसा और अपार श्रद्धा साफ झलक रही थी। इस पदयात्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सच्ची श्रद्धा के आगे दूरी और कठिनाइयां भी छोटी पड़ जाती हैं।

नवरात्रि में बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण परेशान, कांग्रेस नेता ने दी चेतावनी



मैहर। धार्मिक नगरी मैहर में शारदीय नवरात्रि के पवित्र पर्व के दौरान बिजली विभाग की लापहवाही और मनमानी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग खासे परेशान हैं। कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि नवरात्रि के पावन दिनों में भी पांच-पांच घंटे की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है,जिससे शाम के समय होने वाले भक्तिमय आयोजन और घरों में विराजी माँ की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना में भारी बाधा आ रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था को तत्काल नहीं सुधारा गया,तो ग्रामीण चुप नहीं बैठेंगे और अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसमें कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी रहेगी।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सपत्नीक किए माँ शारदा के दर्शन और पूजन



मैहर। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंगलवार सुबह मैहर पहुंचकर माँ शारदा मंदिर में सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। माँ शारदा मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उप मुख्यमंत्री का आतिथ्य सत्कार किया गया। दर्शन के पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे शारदीय नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और प्रबंधनों की सराहना की।

बिना खेत-तालाब निर्माण कराए फर्जी मूल्यांकन का आरोप

मैहर। मैहर जिले की जनपद पंचायत मैहर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलदरा में तालाब निर्माण कार्य को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक,वित्तीय वर्ष 2025-26 में हितग्राही बृजकिशोर सिंह (निवासी ग्राम बेलदरा) के खेत में 5 लाख 58 हजार 065 रुपये की लागत से खेत-तालाब निर्माण की तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। आरोप है कि मौके पर तालाब का निर्माण कार्य कराए बिना ही संबंधित उपयंत्री ने सरपंच से कथित सांठगांठ कर फर्जी मूल्यांकन तैयार कर लिया और निर्माण राशि का आहरण कर लिया गया। शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत,कलेक्टर मैहर,रीवा कमिश्नर सहित कई प्रमुख अधिकारियों को आवेदन देकर संबंधित उपयंत्री को तत्काल निलंबित करने और स्थल निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 123 आवेदकों की समस्यायें



सतना। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 123 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद,राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई ,बिजली, पानी,सड़क निर्माण,पेंशन, छात्रवृत्ति,आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर जीतेन्द्र वर्मा द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

सीएम हेल्प लाइन की लंबित शिकायतों पर सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

सतना। सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस.ने विभिन्न विभागों के सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा आगामी समीक्षा के पूर्व सभी लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी नोटिस के अनुसार 12अक्टूबर 2026 को सीएम हेल्पलाइन समूह-ए की जिला स्तरीय समीक्षा के दौरान 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। समीक्षा में सामने आया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है,जिससे विभागीय रैंकिंग एवं जिले की ग्रेडिंग प्रभावित हो रही है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की जाती है। इसके अलावा प्रमुख सचिव स्तर पर भी निरंतर समीक्षा की जा रही है। इसके बावजूद शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होना गंभीर लापरवाही माना गया है। समीक्षा बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर भी संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास विभाग के जागृत भगत, सहायक यंत्री आर.पी.पाण्डेय,पीजी कॉलेज सतना के उच्च शिक्षा विभाग के सीएम हेल्पलाइन प्रभारी मनोज कुमार सिन्हा,सहकारिता विभाग के डीआरसीएस एवं डीएमसीसीबी,कृषि उपज मंडी के सचिव तथा मध्यप्रदेश बीज एवं फार्म विकास विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि इस लापरवाही पर क्यों ना 7 दिवस का वेतन काटते हुए वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज की जाये। जारी नोटिस में निर्देशित किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारी तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तथा आगामी समीक्षा के पूर्व 100 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

सतना मैहर जिले की सड़कों के उड़े परखच्चे, प्रशासन बना तमाश बींनः दिलीप मिश्रा



सतना। जिला कांग्रेस कमेटी सतना मैहर के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने सतना मैहर जिले की सड़कों की हालत अत्यंत खराब होने पर गहन चिंता व्यक्त की है श्री मिश्रा ने कहा है कि दोनों जिलों में गुणवत्ता बिहीन सड़क के निर्माण होने के कारण जिले की सड़कों के फरकंच्चे उड़ गए व प्रशासन तमाश बीन बना देख रहा है सड़क सुधारने का कोई ध्यान नहीं है जिलों की सड़को के खराब होने के कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं व मौते हो रही हैं। जिले के सतना सेमरिया,सतना चित्रकूट मार्ग,बेला से सतना, सतना से बमीठा,जिगना से भैसरहा और गोरसरी से मिरगौती,जिगना से हिनौती,मैहर से बरही सुन्दरा से सिंहपुर जैतबारा सेमरिया सहित तमाम आंतरिक सड़कों की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है व निर्माण विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं प्रशासन के सरपरस्ती पर सड़कों के नाम से टोल बैरियर में निरंतर वसूली जारी है सर्विस लेन पूरी तरह से खत्म हो चुकी है पूर्व में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव से भी सड़क सुधार की मांग की गई थी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था लेकिन अभी तक कार्यवाही अपेक्षित है श्री मिश्रा ने जिले की खराब सड़कों को तत्काल सुधार कराने की मांग की है।

पांच कनिष्ठ अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस

सतना। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निराकरण एवं सितंबर 2026 की विभागीय रैंकिंग और ग्रेडिंग की समीक्षा के दौरान स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस.ने विद्युत विभाग के पांच कनिष्ठ अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में वितरण केंद्र छिबौरा,नागौद शहर,टिकुरिया टोला,बाबूपुर और बेरहना के कनिष्ठ अभियंताओं के नाम शामिल है। नोटिस में 12 अक्टूबर 2026 को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा का संदर्भ देते हुए विभागीय ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी नोटिस के अनुसार सीएम हेल्प लाइन समूह-ए की सितंबर 2026 की विभागीय रैंकिंग एवं ग्रेडिंग संतोषजनक नहीं है। विभाग के अंतर्गत आने वाले संबंधित क्षेत्रों में शिकायतों के निराकरण की स्थिति में सुधार के लिए तत्काल आवश्यक प्रयास करने तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का गंभीरता से निराकरण कराने को कहा गया है।कलेक्टर ने संबंधित कनिष्ठ अभियंताओं को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए 'नो वर्क,नो पे' के तहत एक सप्ताह का वेतन काटने की कार्यवाही क्यों न की जाए,इस संबंध में जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

गरबा प्रैक्टिस से लौट रही युवती से छेड़छाड़, आदतन आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल



सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरबा प्रैक्टिस करके अपने घर पैदल लौट रही एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी को धर दबोचा और उसे जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,घटना 2 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे की है। फरियादिया युवती धवारी स्थित रंगभूमि पैलेस से गरबा का अभ्यास कर अपने घर पैदल लौट रही थी। जैसे ही वह व्यंकट क्रमांक-1 स्कूल के पास पहुँची,तभी आरोपी ध्रुव पटारिया स्कूटी से वहाँ पहुँचा और युवती का हाथ पकड़कर उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगा। जब युवती ने इसका विरोध किया,तो आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और उसका मोबाइल फोन भी जमीन पर पटककर तोड़ दिया। युवती के शोर मचाने पर जब आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे,तो आरोपी वहाँ से फरार हो गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज की और आरोपी ध्रुव (उम्र 22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

खबर संक्षेप



वर्धमान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया देवेंद्रनगर थाने का शैक्षिक भ्रमण

देवेंद्रनगर। वर्धमान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देवेंद्र नगर थाने का शैक्षिक भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। इस दौरान एसडीओपी पन्ना एवं थाना प्रभारी संतोष यादव ने बच्चों को कानून-व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा और पुलिस की जिम्मेदारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वायरलेस सेट, शस्त्रागार, कंप्यूटर रूम सहित थाने के विभिन्न विभागों का अवलोकन कराकर उनकी कार्यप्रणाली समझाई गई। बच्चों को आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए डायल 112 और साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई। बच्चों के सामान्य ज्ञान ने जीता अधिकारियों का दिल भ्रमण के दौरान उस समय खास स्थिति बनी, जब थाना प्रभारी संतोष यादव ने बच्चों से जिले की पुलिस अधीक्षक का नाम पूछा। महज 5 से 10 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों ने एक स्वर में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू का नाम बताया। बच्चों की जागरूकता और सामान्य ज्ञान से थाना प्रभारी संतोष यादव एवं एसडीओपी पन्ना काफी प्रभावित हुए।

चॉकलेट बांटकर बढ़ाया बच्चों का उत्साह- बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए थाना प्रभारी संतोष यादव ने विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित कीं। उन्होंने प्रत्येक बच्चे से हाथ मिलाकर आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया और उन्हें सहज महसूस कराया। थाना प्रभारी के इस व्यवहार ने बच्चों के मन में पुलिस के प्रति अपनापन और विश्वास बढ़ाने का सकारात्मक संदेश दिया। वर्धमान पब्लिक स्कूल की यह पहल बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी, सामान्य ज्ञान और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने का सराहनीय उदाहरण बनी। वहीं, थाना प्रभारी संतोष यादव एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ आत्मीय व्यवहार करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां देना पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल रही।

हाथीखाने की ऐतिहासिक दीवार पर प्रकृति का चमत्कार, सदियों से जिंदा हैं गुंजा के पेड़

पन्ना। ऐतिहासिक नगरी पन्ना में राजशाही दौर की विरासत से जुड़ा एक अनूठा नजारा आज भी लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। यहां पुराने हाथीखाने की करीब 200 से 250 मीटर लंबी और छह फीट चौड़ी दीवार पर दर्जनों बड़े-बड़े गुंजा के पेड़ उगे हुए हैं। खास बात यह है कि पत्थर और चूना-गच्ची से बनी इस पुरानी दीवार पर उगे पेड़ लंबे समय से जीवित हैं और बारहमासी हरे दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार, सदियों पहले इस स्थान पर पन्ना महाराज के हाथी रखे जाते थे। हाथियों को इन पेड़ों की पत्तियां खिलाई जाती थीं। समय के साथ राजशाही का दौर समाप्त हो गया, लेकिन दीवार पर उगे पेड़ों का अस्तित्व आज भी बना हुआ है। आगरा मोहल्ला निवासी निक्की राजा (30 वर्ष), बृजेन्द्र रैकवार (35 वर्ष) और शिवा यादव ने बताया कि गुंजा के ये पेड़ वर्षों से इसी तरह दीवार पर उगे दिखाई दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों के मुताबिक, वे करीब 25 वर्षों से इन पेड़ों को इसी स्थिति में देखते आ रहे हैं।

खून के आंसू बहा रहा अन्नदाता, जिले में पर्याप्त खाद होने के बाद भी नहीं उपलब्ध हो रही खाद

कृषि विभाग के अधिकारियों की भ्रष्ट नीतियों के चलते ई टोकन व्यवस्था चौपट

गोदामों में खाद रखी, दुकानों पर भी स्टॉक होने के दावे, फिर ऑनलाइन टोकन क्यों नहीं? पन्ना में खाद व्यवस्था पर सवाल

अमानगंज। खेतों में खड़ी उम्मीदें...किसान की मेहनत...अच्छी पैदावार के सपने... और खाद पाने के लिए भटकता अन्नदाता। किसान खेत में पसीना बहाने को तैयार है, लेकिन खाद लेने की प्रक्रिया में उलझकर रह गया है। कहीं ऑनलाइन टोकन नहीं बन रहा, तो कहीं खाद का स्टॉक ऑनलाइन दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे में किसान आखिर जाए तो जाए कहां? पन्ना जिले के अमानगंज सहित विभिन्न क्षेत्रों में खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। समाजसेवी तिलक राज पटेल ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि खाद भंडारण केंद्रों और खुदरा विक्रेताओं के यहां खाद उपलब्ध होने के बावजूद ऑनलाइन स्टॉक दर्ज नहीं होने के कारण किसानों को टोकन बुक कराने में परेशानी हो रही है। मामला केवल खाद की उपलब्धता का नहीं, बल्कि ऑनलाइन स्टॉक दर्ज करने और टोकन व्यवस्था का भी है।

भंडारण केंद्रों में खाद रखी, फिर टोकन बुकिंग में बाधा क्यों?

तिलक राज पटेल के अनुसार, खाद भंडारण केंद्रों पर डीएपी, 18रू46, यूरिया, एमपीके, 20रू20रू13 सहित विभिन्न प्रकार के उर्वरक उपलब्ध हैं। इसके बावजूद ऑनलाइन टोकन बुक नहीं हो पाने से किसान खाद प्राप्त करने के लिए परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि समस्या केवल भंडारण केंद्रों तक सीमित नहीं है। खुदरा विक्रेताओं यानी रिटेलरों के यहां भी स्टॉक ऑनलाइन दर्ज नहीं होने की शिकायत है। ऐसे में किसान ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान न तो आसानी से भंडारण केंद्र चुन पा रहे हैं और न ही खुदरा विक्रेता के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर पा रहे हैं। किसान के सामने परेशानी यह है कि खाद मौजूद होने की जानकारी मिलने के बाद भी वह उसे प्राप्त करने के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहा। जब खाद भंडारण केंद्र में रखी है और रिटेलर के पास भी खाद उपलब्ध होने की बात कही जा रही है, तो ऑनलाइन स्टॉक दर्ज करने में बाधा कहां है?





खाद है, लेकिन ऑनलाइन रिकॉर्ड में क्यों नहीं दिख रही?

खाद वितरण व्यवस्था में ऑनलाइन स्टॉक दर्ज होना और टोकन बुकिंग सुचारु रूप से चलना जरूरी है। यदि भंडारण केंद्र या खुदरा विक्रेता के यहां उपलब्ध खाद का स्टॉक ऑनलाइन दर्ज नहीं हो रहा, तो किसान के लिए खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रभावित होना स्वाभाविक है। तिलक राज पटेल ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यवस्था में लापरवाही के कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि खाद भंडारण केंद्रों और सभी खुदरा विक्रेताओं के वास्तविक स्टॉक का मिलान किया जाए तथा उपलब्ध खाद का रिकॉर्ड तत्काल ऑनलाइन दर्ज कराया जाए।सवाल यह भी है कि जब खाद की उपलब्धता है, तो उसका स्टॉक समय पर ऑनलाइन दर्ज करने की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है? यदि तकनीकी समस्या है, तो उसका समाधान क्यों नहीं हो रहा? और यदि स्टॉक दर्ज करने में विभागीय या विक्रेता स्तर पर लापरवाही है, तो जवाबदेही किसकी तय होगी?

25 दिनों से खाद के लिए परेशान किसान

तिलक राज पटेल के अनुसार, किसान पिछले 25 दिनों से स्लॉट बुकिंग और खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खेती के महत्वपूर्ण समय में इस तरह की बाधाएं किसानों की चिंता बढ़ा रही हैं। किसान के लिए हर दिन महत्वपूर्ण है। खेत को समय पर खाद चाहिए, लेकिन जब ऑनलाइन टोकन ही बुक नहीं हो पा रहा, तो किसान अपनी जरूरत पूरी करने के लिए किस व्यवस्था पर भरोसा करे? उन्होंने कृषि विभाग से मांग की कि भंडारण केंद्रों और खुदरा विक्रेताओं, दोनों के यहां उपलब्ध खाद का स्टॉक ऑनलाइन दर्ज कराया जाए। टोकन बुकिंग की समस्या दूर की जाए और किसानों को निर्धारित दर पर आसानी से खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसानों के हित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

कृषि विभाग से सीधे सवाल

जब खाद भंडारण केंद्रों और रिटेलरों के यहां उपलब्ध है, तो ऑनलाइन स्टॉक दर्ज क्यों नहीं हो रहा? क्या सभी भंडारण केंद्रों और खुदरा दुकानों के स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है? ऑनलाइन टोकन बुकिंग में आ रही परेशानी दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कौन सुनिश्चित करेगा? किसान खाद की मांग कर रहा है, लेकिन उसकी परेशानी का कारण केवल खाद की कमी नहीं, बल्कि ऑनलाइन स्टॉक और टोकन व्यवस्था में आ रही बाधाएं भी बताई जा रही हैं। अब जरूरत इस बात की है कि कृषि विभाग भंडारण केंद्रों और खुदरा विक्रेताओं के स्टॉक की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे, ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्त कराए और टोकन बुकिंग की प्रक्रिया सुचारु बनाए। क्योंकि किसान को इस बात से राहत नहीं मिलेगी कि खाद गोदाम में रखी है। उसे राहत तब मिलेगी, जब वह बिना अनावश्यक परेशानी के खाद प्राप्त कर सकेगा। गोदाम में खाद, रिटेलर के यहां खाद और खेत में इंतजार करता किसानकृआखिर ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की बाधा कब दूर होगी?

जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग में नहीं है केमिस्ट, भगवान भरोसे है विभाग

पांच वर्ष से जिले की केमिस्ट स्वाति जैन देवरी सागर में अटैच पन्ना से ले रहीं वेतन बड़े अधिकारी मेहरबान

पन्ना। जिले के शासकीय विभाग भगवान भरोसे चल रहे हैं। पन्ना जिले के शासकीय विभाग भगवान भरोसे चल रहे हैं अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी चरम सीमा पर है अनेक कर्मचारी अधिकारियों के दबाव में काम कर रहे हैं पन्ना के कर्मचारी अन्य जिला में भी अटैच है जबकि वेतन पन्ना जिला से ले रहे तथा कर्मचारियों का भी भारी अभाव है। इसी प्रकार का मामला लोक स्वास्थ्य



यांत्रिकीय**phe** विभाग से जुड़ा हुआ है जहां पर पूरे जिले से पेयजल के सैंपल जांच के लिए आते हैं उक्त विभाग में सैंपल जांच करने वाले कर्मचारी अधिकांश सेवा निवृत हो चुके हैं उसके बावजूद पन्ना में पदस्थ संविदा केमिस्ट स्वाति जैन पांच वर्ष से देवरी जिला सागर में मुख्य अभियंता एस के **adhvan** के आदेश से अटैच हैं तथा पन्ना से वेतन ले रही हैं वर्तमान समय में जल प्रशिक्षण शाला में पेयजल के सैंपल जांच करने के लिए सेवानिवृत हो चुके आर एस शुक्ला को फिर से संविदा में रखकर जांच कराई जा रही है पूरे जिले के सैंपल आने से एक कर्मचारी को भारी परेशानी हो रही है लेकिन बड़े अधिकारियों की मेहरबानी से स्वाति जैन को सागर में अटैच कर रखा है जानकारी के अनुसार श्रीमती स्वाति जैन की पदस्थापना वर्ष 2020 में पन्ना 7में हुई थी लेकिन वर्ष 2021 में तत्कालीन चीफ इंजीनियर एसके आधवन द्वारा उन पर सहानुभूति दिखाते हुए सागर अटैच कर दिया गया जबकि उनकी वेतन पन्ना से ही दी जा रही है उक्त मामले में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है स्वाति जैन संविदा कर्मचारी हैं जिनको प्रसूति अवकाश विभाग से दिया गया वह 9 माह दिसंबर 2022 से सितंबर 2023 तक देवरी एवं पन्ना किसी भी कार्यालय में नहीं आई उसके बावजूद पन्ना जिले के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री महेंद्र सिंह द्वारा प्रत्येक माह वेतन दी जाती रही जबकि नियम अनुसार संविदा कर्मचारियों को केवल अवकाश मिलता है अवकाश की वेतन नहीं मिलती है केवल लगातार काम करने का ही वेतन मिलता है लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी से सब संभव हो रहा है वर्तमान समय में श्री आधवन प्रदेश के प्रमुख अभियंता जिनकी मेहरबानी अभी भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने उक्त मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

उक्त संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में पत्राचार भी किया गया था। यह मामला बड़े अधिकारियों के लेवल का है ।। मेरे द्वारा केमिस्ट तथा अन्य कर्मचारियों के लिए टेंडर भी लगाया है जल्द ही और कर्मचारियों की भर्ती हो जाएगी अभी वर्तमान में शुक्ला जी काम कर रहे हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है ।

संचित क्षेत्रपाल कार्यपालन यंत्री पीएच ई विभाग पन्ना।

पवई में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, जेसीबी से हुई पुष्प वर्षा

धीरेंद्र शास्त्री बोले- पवई नशामुक्त हुई तो करेंगे तीन दिवसीय निशुल्क कथा

जातिवादी नहीं राष्ट्रवादी बनें

पवई। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की बहुचर्चित सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा 3.0 सोमवार देर शाम पवई पहुंची। नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। जगह-जगह स्वागत, फूल-मालाओं की बरसात और जेसीबी से पुष्पवर्षा के बीच पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और जय बागेश्वर धाम के जयकारों से गूंज उठा। माता कलेही देवी मंदिर मेला परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू समाज में एकता, राष्ट्रवाद और नशामुक्ति का संदेश दिया।

कहीं आरती उतारी, कहीं बरसे फूल; सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब-

यात्रा बागेश्वर धाम से शुरू होकर अजयगढ़ और अमानगंज होते हुए पवई पहुंची। यात्रा में सबसे आगे बजरंगबली का वाहन चल रहा था। इसके पीछे हाइड्रोलिक लिफ्ट से सुसज्जित धीरेंद्र शास्त्री का विशेष रथ और फिर वाहनों का लंबा काफिला था। काफिले में 200 से अधिक वाहन शामिल रहे। पवई में प्रवेश के दौरान नन्ही पवई, करही तिराहा और मोहन्द्रा तिराहा सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। कहीं महिलाओं ने कलश लेकर आरती उतारी, तो कहीं लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर संतों का



अभिनंदन किया। जेसीबी से पुष्पवर्षा के बीच युवाओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। रथ पर सवार धीरेंद्र शास्त्री ने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया।

बोले- हिंदुओं को जगाने निकले हैं, किसी धर्म का विरोध नहीं-

माता कलेही देवी मंदिर मेला परिसर में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में आशीर्वचन देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वे हिंदू समाज को जगाने और एकजुट करने के लिए निकले हैं। पवई में उमड़े जनसमर्थन को देखकर ऐसा लगा कि पूरे पन्ना जिले का हिंदू समाज जाग गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रा का उद्देश्य किसी धर्म का विरोध करना नहीं, बल्कि हिंदू समाज में एकता की भावना मजबूत करना है।उन्होंने जातिवाद, छुआछूत और आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज को जातिवादी नहीं, राष्ट्रवादी बनना चाहिए और धर्म के प्रति आस्था बनाए रखते हुए एकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

पवई नशामुक्त हुई तो तीन दिन करेंगे निरूशुल्क कथा-

कार्यक्रम के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ उसके परिवार और समाज का भी नुकसान करता है। नशे की लत जीवन को बर्बाद कर देती है, इसलिए हर व्यक्ति को इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने पवई को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि जिस दिन पवई नशामुक्त हो जाएगी, उस दिन वे यहां तीन दिवसीय निरूशुल्क कथा करेंगे। उनके इस आह्वान के साथ नशामुक्ति का संदेश कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा।

संतों की मौजूदगी, पुलिस ने संभाली व्यवस्था-

रथ यात्रा में हनुमानगढ़ी अयोध्या के राजूदास महाराज, मलूक पीठ के संत सहित अन्य संत भी शामिल रहे। यात्रा को देखते हुए पवई पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए। माता कलेही देवी मंदिर मेला परिसर में मंचीय कार्यक्रम और आशीर्वचन के बाद भोजन एवं विश्राम हुआ। इसके पश्चात रथ यात्रा अगले पड़ाव हटा के लिए रवाना हो गई।

प्रशासन की बड़ी लापरवाही, सड़क किनारे सजे माता के पंडाल और बेकाबू भारी वाहन दे रहे बड़े हादसे को न्यौता, जनता में आक्रोश"

गुनौर। जिले के गुनौर नगर में इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही के चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नवरात्रि के पावन पर्व पर सड़कों के किनारे माता के भव्य पंडाल सजाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के मुख्य मार्गों से बेखौफ निकल रहे भारी वाहन मौत बनकर दौड़ रहे हैं। इस स्थिति ने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की धड़कनें बढ़ा दी हैं, जिससे जनता में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन और बैठकों के बाद भी सिफर रही कार्रवाई

स्थानीय लोगों, विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा पूर्व में कई बार लिखित ज्ञापन सौंपकर नगर के भीतर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक



अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी, जो शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

एसपी कार्यालय की सुस्ती और पत्राचार की फाइलों में अटका आदेश

जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस संबंध में एसपी पन्ना को अभिमत के लिए 24/09/2026 को पत्र भेजा गया था, परंतु अभी तक उस पत्र का कोई भी जवाब नहीं आया है। वहीं, संबंधित विभाग के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (एड) गुनौर ने नगर परिषद और थाना प्रभारी के प्रतिवेदन पर कलेक्टर पन्ना को लगभग एक माह पूर्व नगर के अंदर से भारी वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध लगाने और बाईपास से संचालन के आदेश हेतु प्रतिवेदन भेजा था, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी से बढ़ रहा शक

जब इस संवेदनशील और गंभीर मुद्दे पर एस.पी. पन्ना से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसी प्रकार, गुनौर एसडीएम को भी फोन लगाया गया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई जवाब नहीं मिला। जिला स्तर के बड़े अधिकारियों की इस लचर कार्यशैली और चुप्पी से साफ जाहिर होता है कि वे किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। त्योहारी सीजन में जहां एक तरफ पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की इस घोर लापरवाही ने जनता को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है। यदि समय रहते भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लगाई गई, तो गुनौर में कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

पुलिस के लिए चुनौती बने चोर

सनातन रथ यात्रा में जेब से नकदी और सोने की चेन पर हाथ साफ, अमानगंज में झपटमारों ने भीड़ का उठाया फायदा

अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज कस्बे में 12 अक्टूबर को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू सनातन रथ यात्रा के दौरान भीड़ में चोरी और झपटमारी की घटनाएं सामने आई हैं। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बीच अज्ञात महिला-पुरुषों द्वारा कथित तौर पर लोगों की जेब से नकदी निकालने तथा सोने की चेन और मंगलसूत्र झपटकर चोरी करने की शिकायत पुलिस से की गई है। मामले में अमानगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सोने की चेन और मंगलसूत्र भी चोरी होने की शिकायत

फरियादी के मुताबिक, घटना के बाद उन्हें जानकारी मिली कि अमित सोनी, जयप्रकाश चतुर्वेदी और संतोष सोनी की सोने की चेन तथा एक अन्य महिला का मंगलसूत्र भी भीड़ के बीच कथित तौर पर झपटकर चोरी कर लिया गया। इसके अलावा अन्य लोगों की जेब से नकदी चोरी होने की जानकारी भी सामने आई। पीड़ितों ने घटना की सूचना अमानगंज थाने में दी। शिकायत में बताया गया कि वारदात 12 अक्टूबर को दोपहर लगभग 3:30 बजे से 4:30 बजे के बीच विधायक बंगले से सम्राट ढाबे के बीच रथ यात्रा के दौरान हुई।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू

शिकायत के आधार पर अमानगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक ईश्वर सिंह को सौंपी गई है। अब पुलिस के सामने भीड़ का फायदा उठाकर वारदात करने वाले संदिग्धों की पहचान करने और चोरी गए आभूषणों व नकदी का पता लगाने की चुनौती है। रथ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान हुई इन घटनाओं ने भीड़भाड़ वाले मार्गों पर सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।नोटरू यह समाचार एफआईआर में दर्ज आरोपों पर आधारित है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की पुष्टि उपलब्ध जानकारी में नहीं है, इसलिए किसी को दोषी घोषित नहीं किया गया है।

ढाबा संचालक की जेब से नकदी चोरी

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, ग्राम सीरो निवासी धर्मेंद्र सिंह बुंदेला अमानगंज-पवई रोड पर सम्राट ढाबा संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को पन्ना से रवाना हुई हिंदू सनातन रथ यात्रा दोपहर करीब 3रू15 बजे अमानगंज पहुंची थी। स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद लगभग 3रू30 बजे रथ यात्रा पवई की ओर रवाना हुई। रथ यात्रा विधायक के बंगले से होते हुए जब सम्राट ढाबे के सामने पहुंची, तब ढाबा संचालक भी बाहर खड़े थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर उनकी जेब से रुपये निकाल लिए और मौके से भाग गया।

वोट चोर, गद्दी छोड़" प्रदर्शन में जिले के कांग्रेसजन हुए शामिल- अनीस

पन्ना। सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को दिल्ली के बाराखंभा रोड, मंडी हाउस में आयोजित "वोट चोर, गद्दी छोड़" प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीस खान अपने जिले के कांग्रेस साथियों के साथ शामिल हुए।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था तथा मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। कांग्रेस का मानना है कि लोकतांत्रिक





व्यवस्था में जनता के मत की निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि मतदाता सूची एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी सवालों का निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान किया जाए। अनीस खान ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है। जनता के मताधिकार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के बीच श्रद्धालुओं की राह में जलभराव का संकट



पन्ना।वाईजू राज महारानी जी मंदिर (राधिका मंदिर) मार्ग पर अधूरी सीसी सड़क और नाली का अभाव बना परेशानी, देश-विदेश से आ, वाले श्रद्धालुओं के सामने पन्ना की छवि का सवाल, धामी समाज ने की शीघ्र सुधार की मांग अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आगाज हो चुका है। दस दिवसीय इस महोत्सव में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पन्ना पहुंचते हैं। ऐसे में शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों पर बेहतर साफ-सफाई और आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। लेकिन वाईजू राज महारानी जी मंदिर (राधिका मंदिर) के बाहर मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। जानकारी के अनुसार, किलकिला नदी से मोड़ तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन मंदिर तक सड़क का काम अधूरा रह गया। सड़क की ऊंचाई अधिक होने और दूसरी ओर नाली का निर्माण नहीं होने से यहां पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जाता है कि सीसी सड़क का निर्माण मंदिर के आगे तक होना था, लेकिन किन कारणों से काम अधूरा छोड़ दिया गया,

बाइक चोर गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद की 5 मोटर साइकिलें

बस स्टैंड से चोरी हुई मोटरसाइकिल की जांच में खुलासा, आरोपी दौलत यादव गिरफ्तार, बरामद वाहनों की कीमत करीब 3 लाख रुपये



नौगांव। नगर में मोटरसाइकिल चोरी की घटना का नौगांव पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पांच मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी दौलत यादव लूट, चोरी और मारपीट सहित छह आपराधिक मामलों में लिप्त है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 अक्टूबर 2026 को फरियादी टीकाराम यादव की मोटरसाइकिल नौगांव बस स्टैंड के पास से चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर थाना नौगांव में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने घटना का शीघ्र खुलासा करने और आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोचा आरोपी निर्देशों के बाद थाना नौगांव पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाए। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। चोरी के वाहनों की बरामदगी के लिए कबाड़ियों से भी संपर्क किया गया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल चोरी करने वाला एक संदिग्ध चोरी के वाहन बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम झांसी रोड पहुंची और संदेही से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने ग्राम नैगुवां निवासी दौलत यादव पिता राम सिंह यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बस स्टैंड के पास से चोरी हुई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ में चार अन्य चोरी की बाइक भी मिलीं पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने नौगांव और आसपास के क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की अन्य घटनाओं में शामिल होना भी स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार अन्य मोटरसाइकिल बरामद कीं। इस तरह कुल पांच बाइक पुलिस के हाथ लगीं। बरामद वाहनों में एक हीरो एचएफ डीलक्स, दो हीरो स्प्लेंडर प्लस, एक हीरो होंडा स्प्लेंडर और एक बजाज प्लेटिना शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के विरुद्ध लूट, चोरी और मारपीट सहित कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

खबर संक्षेप



पूर्व सरपंच ने वर्तमान सरपंच, सचिव और ओवरसियर पर लगाया 1.85 लाख हड़पने का आरोप

छतरपुर। ग्राम पंचायत ऊजरा के अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुरा के पूर्व सरपंच धरमवीर अहिरवार ने वर्तमान सरपंच, सचिव और ओवरसियर पर सीसी रोड निर्माण की राशि गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने छतरपुर कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपकर बकाया राशि दिलाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर को सौंपे आवेदन में पूर्व सरपंच धरमवीर अहिरवार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान ग्राम पृथ्वीपुरा में 1,85,000 रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण करवाया था। आचार संहिता लग जाने के कारण उस समय राशि का भुगतान नहीं हो सका था। आरोप है कि बाद में वर्तमान सरपंच रश्मि यादव, सचिव रामनारायण पटेल और ओवरसियर/इंजीनियर के.के. तिवारी ने आपस में मिलकर पूरी राशि निकाल ली। पीड़ित पूर्व सरपंच का आरोप है कि जब उन्होंने अपने निर्माण कार्य के पैसों की मांग की, तो उन्हें केवल 10,000 रुपये लेकर मामला रफा-दफा करने की बात कही गई। धरमवीर का कहना है कि उन्होंने मजदूर लगाकर काम करवाया था और अब मजदूर पैसों के लिए उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उनकी मेहनत की राशि दिलवाई जाए। कलेक्टर ने आवेदन को जिला पंचायत सीईओ की ओर अग्रेषित कर जांच का आश्वासन दिया है।

नवरात्रि पर चंदला थाना परिसर में विशाल कन्या भोज, भंडारे और सुंदरकांड का आयोजन



चंदला। नवरात्रि के पावन पर्व पर चंदला थाना परिसर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विशाल कन्या भोज, भंडारे एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्टाफ और उनके सहयोगियों ने मिलकर इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। पूरे कार्यक्रम में माता रानी के प्रति आस्था और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्या भोज के माध्यम से कन्याओं का पूजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। वहीं, सुंदरकांड पाठ के आयोजन से थाना परिसर भक्तिमय हो गया। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

राशन वितरण में गड़बड़ी पर उचित मूल्य दुकान रामपुर (कुर्रा) के विक्रेता के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज

छतरपुर। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति मर्यादित रामपुर (कुर्रा) द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान रामपुर (कोड 2301059) के विक्रेता कुलदीप यादव के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत थाना ईशानगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी छतरपुर हरिओम वर्मा ने ग्राम पंचायत रामपुर में राशन वितरण नहीं होने की शिकायत के संबंध में 30 जुलाई 2026 को उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दुकान के संचालन में अनियमितताएं पाई गईं। स्टॉक का मिलान करने पर दुकान में 101.26 क्विंटल गेहूं, 22.79 क्विंटल चावल तथा 24 किलोग्राम शक्कर कम भंडारित पाई गई।उक्त अनियमितता मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कम पाए गए खाद्यान्न की बाजार दर के अनुसार 3.56 लाख रुपए की वसूली के आदेश भी जारी किए गए हैं।कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में अनियमितता के मामले में विक्रेता कुलदीप यादव के विरुद्ध थाना ईशानगर में एफआईआर दर्ज की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने तथा राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

छतरपुर में सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू, धूल और गड्ढों से जूझ रहे लोगों को मिलेगी राहत



छतरपुर। शहर में लंबे समय से बदहाल सड़कों से परेशान आमजन के लिए आखिरकार एक राहत भरी खबर सामने आई है। शहर की जर्जर सड़कों, जानलेवा गड्ढों और दिन-रात उड़ती धूल को लेकर लगातार उठ रहे जनआक्रोश के बाद अब प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। जनता की समस्याओं को देखते हुए सड़कों के निर्माण का काम विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर बदहाल सड़कों की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे थे। नागरिक लगातार बदहाली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित करा रहे थे। राहगीरों और वाहन चालकों के लिए इन रास्तों से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में राहत की उम्मीद जगी है। हालांकि, अब देखना यह होगा कि ठेकेदार और संबंधित विभाग इस कार्य को कितनी गुणवत्ता और तेजी के साथ पूरा करते हैं, ताकि लोगों को जल्द से जल्द धूल और गड्ढों के कष्ट से पूरी तरह मुक्ति मिल सके।

अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, 2 बच्चे घायल



छतरपुर। गुलगंज थाना क्षेत्र के डिकोली तिगड्डे के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 33 वर्षीय धनीराम अहिरवार की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार उनके दोनों मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुलगंज निवासी धनीराम अहिरवार (33) पुत्र भुल्ला अहिरवार अपने बेटे क्रिष अहिरवार (8) और बेटी कल्पना अहिरवार (10) के साथ गुलगंज से ढाबे पर खाना खाने के लिए निकले थे। जब वे डिकोली तिगड्डे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तीनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने धनीराम अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, दोनों घायल बच्चों को जिला अस्पताल की पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

मकान निर्माण से रोका, किसान पर पत्थर पटककर किया जानलेवा हमला



एफआईआर के बाद भी पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां

छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में मकान के दरवाजे को लेकर विवाद में दबंगों द्वारा एक किसान पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान लटकन पाल अपनी पुस्तैनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि 12 अक्टूबर की सुबह गांव के ही दबंग खिलवादी यादव और धर्मजीत यादव लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए निर्माण कार्य रोकने का दबाव बनाने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने किसान से लात-घूसों से मारपीट की और खिलवादी यादव ने पास पड़ा बड़ा पत्थर किसान के सिर और नाक पर दे मारा। हमले में किसान लटकन पाल गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। परिजनों द्वारा डायल 112 की मदद से उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पीड़ित की पत्नी मानकुंवर पाल की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इसके बावजूद आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर शिकायत की है कि आरोपी कट्टा लेकर घर आकर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं और राजीनामा न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता की अनूठी पहल संगम सेवालय ने नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए



छतरपुर। महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की खुशहाली का आधार है। जब एक महिला स्वस्थ और जागरूक होती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। इसी सोच के साथ संगम सेवालय द्वारा हटवारा स्कूल में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया, ताकि आर्थिक अभाव के कारण किसी को भी स्वास्थ्य और स्वच्छता से समझौता न करना पड़े। संगम सेवालय का मानना है कि मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है। इसके प्रति जागरूकता, सही जानकारी और स्वच्छता की सुविधाएं प्रत्येक महिला एवं बालिका का सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अधिकार हैं। समाज की जिम्मेदारी है कि वह इस विषय पर खुलकर संवाद करे और महिलाओं को संकोच नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर दे। संस्था द्वारा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेमिनार जैसी पहल इसी संकल्प का हिस्सा है, ताकि समाज की प्रत्येक महिला तक सही जानकारी और आवश्यक सुविधाएं पहुंच सकें।

एनएसयूआई ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई



छतरपुर। देश में निष्पक्ष चुनाव प्रणाली और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एनएसयूआई आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा ने वर्तमान चुनावी परिदृश्य और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष होना बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में विफल साबित हो रहे हैं, इसलिए उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। एनएसयूआई ने मांग की है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें।

इस उग्र विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, सौरव शुक्ला, बद्री पटेल, नारद सिंह, कुलदीप शर्मा, गौरव सिंह, युवराज सिंह यादव, युवराज बुंदेला, कौशलेन्द्र प्रजापति, सौरभ दुबे और अभिनव यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र नेता मौजूद रहे।



हरपालपुर बायपास ब्रिज के पास मारपीट का वीडियो वायरल, दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

छतरपुर।

थाना हरपालपुर क्षेत्र के गुढो गांव में बायपास निर्माणाधीन ब्रिज के समीप मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में शामिल अन्य तीन आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी दीपक शर्मा (26), निवासी जिला भिवानी, हरियाणा, वर्तमान निवासी लहचूरा रोड, हरपालपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9:30 बजे वह काकुनपुरा चौराहे के पास डंपर से पत्थर उतरवा रहा था। इसी दौरान पांच लोगों ने कथित तौर पर शराब पीने के लिए एक हजार रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला करने की कोशिश की और फरियादी सहित उसके साथियों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर राजेश उर्फ भज्जू यादव (42) और टिंकू यादव (24) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नितिन शर्मा, चौकी प्रभारी गिरजेश सिंह राजा, ब्रजभान, मनोज सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

गर्भवती पत्नी से छीनी डेढ़ साल की मासूम, घर से निकाला; जान से मारने की धमकी

छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरद्धाहा में पारिवारिक हिंसा और प्रताडना का गंभीर मामला सामने आया है। एक नशेड़ी पति और उसके परिजनों पर अपनी गर्भवती पत्नी से डेढ़ साल की मासूम बेटी को जबरन छीनने, उसे घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और मासूम बेटी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गमीपुरा निवासी 25 वर्षीय मलिदा पटेल का विवाह तीन वर्ष पूर्व बरद्धाहा निवासी राजेश पटेल (28) के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल जन नशे की लत के चलते उसके साथ मारपीट व प्रताडना करने लगे। पीड़िता के अनुसार, जम्मू में मजदूरी के दौरान भी प्रताडना जारी रहने पर उसने राजौरी जिले के नौशेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पति उसे वहीं छोड़कर भाग आया था।वर्तमान में दोबारा गर्भवती पीड़िता जब वापस ससुराल पहुंची तो ससुराल वालों ने उसे रखने से इनकार कर दिया और गर्भपात कराने का दबाव बनाया। इसके बाद वह मायके में रहने लगी। पीड़िता का आरोप है कि बीते 7 अक्टूबर को पति राजेश मायके आकर उसकी डेढ़ साल

खबर संक्षेप

कल्पना मिश्रा की मौत के बाद कार्रवाई पर भड़के मेडिकल टीचर्स, आंदोलन शुरू



रीवा। श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर अब मेडिकल टीचर्स ने मोर्चा खोल दिया है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने निलंबन की कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि संबंधित चिकित्सकों और नर्सिंग अधिकारियों का पक्ष सुने बिना तथा औपचारिक जांच की प्रक्रिया पूरी किए बगैर निलंबन करना उचित नहीं है। इसी मांग को लेकर एसोसिएशन ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले दिन चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर नियमित कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके तहत आने वाले दिनों में ओपीडी सेवाएं बंद रखने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। हालांकि, एसोसिएशन ने आपातकालीन सेवाएं चालू रखने की बात कही है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया था। इसी दौरान संगठन ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की जानकारी भी दी थी। एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा कि प्रसूता की मृत्यु एक गंभीर घटना है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन जांच के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। संगठन के अनुसार, किसी भी चिकित्सक या नर्सिंग अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुना जाना चाहिए और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लिया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि इस मामले में निलंबन की कार्रवाई करते समय इन प्रक्रियाओं का समुचित पालन नहीं किया गया। एसोसिएशन की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 13 और 14 अक्टूबर को चिकित्सक काली पट्टी बांधकर नियमित कार्य करेंगे। इस दौरान मरीजों को सेवाएं देते हुए विरोध दर्ज कराया जाएगा। संगठन ने इसे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन का शुरुआती चरण बताया है।इसके बाद 15 और 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक ओपीडी बंद रखने की घोषणा की गई है। यदि इसके बावजूद मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो 17 और 19 अक्टूबर को ओपीडी पूरी तरह बंद रखने की चेतावनी दी गई है।

कलेक्टर ने आम जनता के 640 आवेदनों में की सुनवाई

रीवा । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आम जनता के 640 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों में संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। ग्राम पंचायत टीकर में निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत मिली है। डिप्टी कलेक्टर अदिति जैन मौके पर जाकर इसकी जाँच करें। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सृष्टि देशमुख गौड़ा, अपर कलेक्टर सुधीर बेक, एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी तथा डिप्टी कलेक्टर अदिति जैन ने भी आवेदनों में सुनवाई की। जनसुनवाई में लक्ष्मण पटेल निवासी रजहा ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामचन्द्र विश्वकर्मा निवासी बुड़गवां ने ऊर्जा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को सात दिन में आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। रामकिशोर साकेत निवासी रंगौली ने उनके पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया।

रीवा संभाग में नशे के 1615 सौदागर जेल पहुंचे, 13.17 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

नशे के कारोबारियों को किसी हाल में नहीं छोड़ेंगे, सप्लायरों और नशीले पदार्थ बनाने वालों तक पहुंचेगी पुलिसः डिप्टी सीएम

रीवा। रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए अब नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी। नशे के सौदागरों से लेकर अवैध नशीले पदार्थों के उत्पादकों और सप्लायरों तक पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए इस बुराई को जड़ से खत्म करना होगा। इसके साथ ही नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को केवल अपराधी मानकर छोड़ने के बजाय उनके उपचार और पुनर्वास की व्यवस्था पर भी ध्यान देना जरूरी है।

उप मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस के नवीन भवन स्थित सभागार में मंगलवार एक अचानक बैठक बुलाई जिसमें आईजी डीआईजी पुलिस अधीक्षक सीसी सहित कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में नशामुक्त भारत अभियान की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्योरा लिया गया। उन्होंने कहा कि रीवा और विंध्य क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। कृषि, उद्योग, व्यापार और अधोसंरचना के क्षेत्र में हो रहे विकास का सबसे अधिक लाभ युवाओं को मिलना है। ऐसे में यदि युवा पीढ़ी कोरेक्स, गांजा और दूसरे नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आ गई तो विकास के इन प्रयासों का उद्देश्य ही प्रभावित होगा। बैठक में रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने बताया कि पिछले 18 महीनों में संभाग में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई है। इस दौरान 1615 आरोपियों को जेल भेजा गया है। पुलिस ने नशीले पदार्थों के साथ अवैध कारोबार में इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों को भी जब्त किया है। वहीं, अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ भी व्यापक कार्रवाई की गई है। इस दौरान



उप मुख्यमंत्री देश के गृह मंत्री अमित शाह के वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में सभी को मिलकर गंभीरता से काम करना होगा। युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता और रोकथाम के प्रयास भी समान रूप से आवश्यक हैं। नशामुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

18 महीने में 13.17 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, रीवा संभाग में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित और नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। इनमें 5535 किलो 931 ग्राम गांजा, कोरेक्स की 97,665 शीशियां, 4,13,310 नशीली टैबलेट और कैप्सूल तथा अफीम के 450 हरे पौधे शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने 123.6 ग्राम हेरोइन, 206.54 ग्राम स्मैक, 244 ग्राम ब्राउन शुगर और 3 किलो 87 ग्राम एमडी ड्रग्स भी जब्त की है। जब्त नशीले पदार्थों की कुल कीमत 13 करोड़ 17 लाख 39 हजार 600 रुपये बताई गई है। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में इस्तेमाल किए जा रहे 181 दोपहिया और 131 चारपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। इन वाहनों की कुल कीमत 10 करोड़ 41 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

अवैध शराब के कारोबार में 12 हजार से अधिक गिरफ्तार

नशीले पदार्थों के अलावा संभाग में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की है। आईजी गौरव राजपूत के मुताबिक, अवैध शराब के मामलों में 11,998 प्रकरण दर्ज किए गए और 12,199 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 35,890 लीटर अवैध देशी शराब और 22,807 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 3 करोड़ 97 लाख 53 हजार 333 रुपये बताई गई है। पुलिस और प्रशासन का जोर केवल छोटे कारोबारियों तक सीमित रहने के बजाय नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले नेटवर्क तक पहुंचने पर है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध नशीले पदार्थ जहां तैयार किए जाते हैं, वहां तक पहुंचकर कार्रवाई की जाए। इसके लिए दूसरे राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

अब यूपी के सप्लायरों पर भी होगी कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर समन्वय जरूरी है। उत्तर प्रदेश से भी समन्वय बनाकर नशे के सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वालों और उनके नेटवर्क का पता लगाकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को केवल पुलिस की कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। इसमें प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता की भागीदारी भी जरूरी है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्ययोजना तैयार करें और नियमित रूप से उसकी समीक्षा करें।

नशे के शिकार लोगों की सूची बनेगी, पुनर्वास केंद्रों में होगा उपचार

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ लड़ाई में कार्रवाई के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी जरूरी है। नशे की लत से प्रभावित लोगों को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए नशामुक्ति केंद्रों को सक्रिय किया जाए। जरूरतमंद लोगों की मीडिया, एनजीओ एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पहचान कर उनके समुचित उपचार और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि नशे के शिकार व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन्हें नशामुक्ति केंद्रों में भर्ती कराने की व्यवस्था की जाए। खासतौर पर कोरेक्स की लत से प्रभावित लोगों के उपचार और पुनर्वास पर ध्यान देने को कहा गया। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बैठक में बताया कि इसी सप्ताह 50 नशा पीड़ित व्यक्तियों को चिह्नित कर पुनर्वास के लिए नशामुक्ति केंद्रों में भर्ती कराने की व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें दोबारा सामान्य सामाजिक जीवन से जोड़ना है। अधिकारियों को पुनर्वास की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए हैं।

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के भी निर्देश

नशामुक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने रात के समय शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों और व्यस्त सड़कों पर यातायात बाधित करने वाले अवैध रूप से खड़े ठेलों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो।

नौ दिन तक नुकीली कीलों की शैया पर साधना शरीर पर जवारे बोकर कैलाश ने धारण किया मौन

13 वर्षों से घर में कर रहे मां दुर्गा की स्थापना, नवरात्र से दो दिन पहले ही त्याग दिया अन्न-जल



रीवा। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के लिए भक्त अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। कोई नौ दिनों तक व्रत रखता है तो कोई जप-तप और अनुष्ठान के जरिए माता की भक्ति में लीन रहता है। लेकिन रीवा जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत पिपरवार के बुढ़गवां में एक देवी भक्त की साधना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां 46 वर्षीय कैलाश पटेल नुकीली कीलों की शैया पर लेटकर, अपने शरीर पर जवारे बोकर और मौन धारण कर मां दुर्गा की उपासना कर रहे हैं। उनकी इस साधना को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। कैलाश पटेल पिछले 13 वर्षों से लगातार अपने घर में मां दुर्गा की स्थापना कर शारदीय नवरात्र के दौरान पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने अपनी उपासना के लिए नुकीली कीलों की शैया तैयार की है। इसी पर लेटकर वे नौ दिनों तक माता की आराधना कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने शरीर पर जवारे बोए हैं और अन्न-जल का त्याग कर मौन धारण किया है। कैलाश पटेल की इस साधना की खास बात यह है कि उन्होंने नवरात्र शुरू होने से दो दिन पहले ही अन्न-जल का त्याग कर दिया था। नवरात्र के दौरान जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं, वहीं कैलाश पटेल के घर पर भी उनकी साधना देखने के लिए लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। उनके घर पहुंचने वाले लोग इस कठिन उपासना को करीब से देख रहे हैं।

13 साल से निभा रहे माता की आराधना का संकल्प

स्थानीय स्तर पर कैलाश पटेल की पहचान देवी भक्त के रूप में है। वे पिछले 13 वर्षों से अपने घर में माता की स्थापना कर नवरात्र मनाते आ रहे हैं। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के बीच इस बार उन्होंने नुकीली कीलों की शैया पर लेटकर साधना करने का संकल्प लिया है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु अपनी आस्था और सामर्थ्य के अनुसार पूजा-पाठ, व्रत और अनुष्ठान करते हैं। बताया गया है कि कैलाश पटेल की यह साधना 23 अक्टूबर तक चलेगी। साधना पूरी करने के बाद वे लेटे हुए ही मां शारदा देवी के दर्शन करने मैहर जाने और वहां जवारे विसर्जित करने का संकल्प रखते हैं। कैलाश पटेल भी अपनी साधना पूरी करने के बाद मैहर जाकर माता के दर्शन करेंगे और जवारे विसर्जित करेंगे।

टीआरएस कॉलेज में आज रोजगार मेला

रीवा । युवा संगम कार्यक्रम के तहत टीआरएस कॉलेज रीवा में 14 अक्टूबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में रीवा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 24 कंपनियां शामिल हो रही हैं। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं का पंजीयन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। मेले में शामिल होने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, समस्त ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त युवा रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। वेतन एवं भत्ते 7 हजार रुपए से 35 हजार रुपए कंपनीवाइज अलग-अलग निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में आने वाले युवाओं को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लाना अनिवार्य होगा।

उर्वशी रौतेला ने मध्य प्रदेश के रीवा में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के नए स्टोर का किया भव्य उद्घाटन



रीवा। त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम में आभूषणों की खरीदारी को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच, भारत के प्रमुख आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की उपस्थिति में रीवा में अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया। 5,500 वर्ग फुट में फैला रीवा का यह स्टोर सोने और प्राकृतिक हीरों के हस्तनिर्मित आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। ग्राहकों की बदलती पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इस स्टोर में त्योहारों, उपहार देने, शादी-विवाह की खरीदारी और रोजमर्रा के खास अवसरों के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर उर्वशी रौतेला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्टोर पहुँचने पर उत्साहित ग्राहकों और प्रशंसकों ने उनका अभिनंदन किया। अभिनेत्री ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया और उपस्थित लोगों से बातचीत की।

इसके बाद उन्होंने क्षेत्र में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के इस नए स्टोर के शुभारंभ को लेकर लोगों के उत्साह में हिस्सा लिया और शोरूम के भीतर आयोजित समारोह में शामिल हुईं।

इस अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुवंकर सेन ने कहा, "मध्य प्रदेश सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और रीवा में हमारे नए स्टोर का शुभारंभ इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।

नवरात्रि के उत्सवी माहौल के बीच, हमें रीवा के ग्राहकों के और करीब सोने और प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की अपनी विस्तृत श्रृंखला लेकर आने की बेहद खुशी है। इसके माध्यम से ग्राहकों को ऐसे आभूषणों के साथ त्योहार मनाने के अधिक अवसर मिलेंगे, जो खुशियों, परंपराओं और आधुनिक अंदाज का खूबसूरत संगम हैं।

उर्वशी रौतेला के साथ इस खास अवसर का जश्न मनाकर हमें बेहद खुशी हो रही है। हम पूरे वर्ष अपने ग्राहकों के त्योहारों, शादी-विवाह और जीवन के अन्य यादगार पलों का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।"

उर्वशी रौतेला ने कहा, "त्योहार हमेशा से मेरे लिए उत्साह और खुशियों का समय रहे हैं और नवरात्रि अपने साथ एक बेहद खूबसूरत ऊर्जा लेकर आता है। मेरे लिए आभूषणों की खरीदारी के बिना त्योहारों का जश्न अधूरा लगता है। आभूषण हर परिधान में चमक जोड़ते हैं और खास मौकों को और भी यादगार बना देते हैं। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स में आभूषणों के डिज़ाइनों की इतनी विस्तृत विविधता देखकर मैं सचमुच बेहद प्रभावित हुई। यहाँ हर स्टाइल और हर उत्सव के अनुरूप कुछ न कुछ खास है। मुझे रीवा में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ त्योहारों की खुशियाँ मनाकर और उनके खूबसूरत नए स्टोर के शुभारंभ का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है।"

रीवा का यह स्टोर सोने और प्राकृतिक हीरों के हस्तनिर्मित आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। यहाँ भव्य ब्राइडल ज्वेलरी और आकर्षक प्राकृतिक हीरों के आभूषणों से लेकर रोजमर्रा में पहनने के लिए हल्के और आधुनिक डिज़ाइन तक उपलब्ध हैं।सुविचारित इंटीरियर और व्यक्तिगत ग्राहक सेवा के साथ तैयार किया गया यह स्टोर त्योहारों, उपहार देने, शादी-विवाह की खरीदारी और जीवन के खास पड़ावों का जश्न मनाने के लिए ग्राहकों को आभूषणों के कई आकर्षक विकल्प प्रदान करता है।

मऊगंज स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, पहले दिन संस्कार वैली और हनुमान मंदिर स्कूल ने दर्ज की जीत

MDCA के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट ग्राउंड पर शुरू हुई प्रतियोगिता, 18 अक्टूबर तक चलेंगे मुकाबले; युवा खिलाड़ियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच



मऊगंज। जिला क्रिकेट एसोसिएशन (MDCA) के तत्वावधान में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (MPCA) के निर्देशानुसार विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को कलेक्ट्रेट ग्राउंड (बायपास), मऊगंज में शुभारंभ हुआ। 13 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की स्कूली क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

प्रतियोगिता के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में संस्कार वैली स्कूल, मऊगंज ने जी.के. पब्लिक स्कूल, देवतालाब के खिलाफ जीत दर्ज की। मुकाबले में जी.के. पब्लिक स्कूल को 140 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम अपने सभी विकेट गंवा बैठी और उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दिन का दूसरा मुकाबला हनुमान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मऊगंज और ऋषिराज कुलम स्कूल, मऊगंज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋषिराज कुलम की टीम ने 18 ओवर में 142 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी हनुमान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में अंतिम ओवर के दौरान चार विकेट से जीत हासिल कर ली।प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष एवं MDCA के संरक्षक बृजवासी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव संजय तिवारी, उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी एवं अभिलाष सोनी, कोषाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता, सह-सचिव अनिल तिवारी सहित अनु खान, कुलदीप पांडे, सिद्धार्थ सिंह, मंटू राज गुप्त, अमर सिंह, सानू सिंह परिहार और पत्रकार अभय मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजकों का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का अनुभव देने के साथ उनकी खेल प्रतिभा को निखारना और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

नईगढ़ी में संयुक्त टीम ने बाल विवाह रुकवाया

पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त कार्रवाई



मऊगंज। जिले के नईगढ़ी स्थित अष्टभुजी माता मंदिर परिसर में 13 अक्टूबर को बाल विवाह की सूचना मिलने पर पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विवाह रुकवाया। जांच के दौरान लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम पाई गई। इसके बाद टीम ने परिजनों को समझाइश देकर बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की।मऊगंज जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार द्विवेदी के परामर्श पर महिला एवं बाल विकास परियोजना नईगढ़ी के परियोजना अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची संयुक्त टीम

बाल विवाह की जानकारी मिलते ही नईगढ़ी पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक पीडी सोनबंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुमन शर्मा एवं रोशनी यादव तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी जिला मऊगंज के जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी और आशीष कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। बाल विवाह रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास टीम ने परिजनों को बताया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक विकास और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। निर्धारित कानूनी आयु से पहले विवाह करना कानून के दायरे में आता है। ऐसे मामलों में समय रहते सूचना देना और प्रशासन को सहयोग करना जरूरी है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और सामाजिक संस्थाओं के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। नईगढ़ी में की गई इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि समय पर सूचना मिलने और संबंधित विभागों की तत्परता से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोका जा सकता है।

आमजन से अपील

प्रशासन एवं बाल संरक्षण से जुड़े लोगों ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर चुप न रहें। इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस एवं संबंधित विभाग को दें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जा सके और उन्हें सुरक्षित भविष्य मिल सके।